# Tips & Tricks

✍ 100 से अधिक परमाणु संख्या वाले तत्वों का IUPAC नामकरण

IUPAC निकाय में नाम तत्व की परमाणु संख्या में 3 अंकों के लिये मूल उपयोग करने पर एवं अंत में इयम जोड़ने पर प्राप्त होता है। संख्याओं के लिये मूल है।

| संख्या | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मूल | निल | अन | बाई | ट्राई | क्वाड | पेंट | हैक्स | हैप्ट | ऑक्ट | इन |

| परमाणु संख्या | नाम | चिन्ह |
|---|---|---|
| 101 | अन निल यूनियम | Unu |
| 102 | अन निल वियम | Unb |
| 103 | अन निल ट्रियम | Unt |
| 104 | अन निल क्वाडियम | Unq |
| 105 | अन निल पेंटियम | Unp |
| 106 | अन निल हेक्सियम | Unh |
| 107 | अन निल हेप्टियम | Uns |
| 108 | अन निल ऑक्टियम | Uno |
| 109 | अन निल एन्नियम | Une |
| 110 | अन अन निलियम | Uun |
| 111 | अन अन यूनियम | Uuu |
| 112 | अन अन वियम | Uub |
| 113 | अन अन ट्रियम | Uut |
| 114 | अन अन क्वाडियम | Uuq |
| 115 | अन अन पेन्टियम | Uup |
| 116 | अन अन हैक्सियम | Uuh |
| 117 | अन अन हैप्टियम | Uus |
| 118 | अन अन ऑक्टियम | Uuo |
| 119 | अन अन ऐन्नियम | Uue |

✍ द्वितीय आवर्त के तत्व सेतु तत्व कहलाते हैं। उनके गुण तृतीय आवर्त के विकर्ण तत्वों के गुणों से समानता रखते हैं।

✍ समइलेक्ट्रॉनिक आयनों के लिये आकार नाभिकीय आवेश पर निर्भर करता है। नाभिक आवेश जितना अधिक होगा आकार उतना ही कम होगा।

✍ त्रिज्या के परिमाण में वृद्धि समूह के प्रारम्भ में अधिक होती है। क्योंकि ऊर्जा कोशों के बीच ऊर्जा में भिन्नता अधिक है।

✍ आयनन विभव परमाणु में संयोजी इलेक्ट्रॉनों की संख्या के बारे में बताता है, उदाहरण *Na* में $IE_2 >>> IE_1$ (क्योंकि इसमें एक संयोजी इलेक्ट्रॉन होता है) जबकि *Mg* में $IE_3 >>> IE_2 > IE_1$ क्योंकि इसमें दो संयोजी इलेक्ट्रॉन होते हैं और दो इलेक्ट्रॉन खोने के बाद उत्कृष्ट गैस विन्यास प्राप्त कर लेता है।

✍ एक आवर्त में उच्चतम आयनन ऊर्जा उत्कृष्ट गैसों द्वारा दर्शायी जाती है।

✍ संक्रमण धातुओं की श्रेणी की ऋणवैद्युतता लगभग समान होती है। सभी लेंथेनाइडों की ऋणवैद्युतता सममित होती है (≈1.1)।

✍ अत्याधिक ऋणवैद्युत तत्व फ्लोरीन है (पाऊलिंग स्केल पर मान 4.0 है)। कम ऋणवैद्युत तत्व 0.700 के मान के साथ *Cs* एवं *Fr* हैं।

✍ अर्ध पूरित विन्यास की इलेक्ट्रॉन बन्धुता लगभग शून्य होती है और पूर्ण-पूरित विन्यास की इलेक्ट्रॉन बन्धुता शून्य होती है।

✍ गैसीय ऋणायनों की इलेक्ट्रॉन बन्धुता हमेशा ऋणात्मक होती है।

✍ कुछ ध्रुवीय क्रिस्टलों को जब गर्म किया जाता है तो वे विद्युत धारा उत्पन्न करते हैं। यह पीजोविद्युत प्रभाव कहलाता है।

✍ *f*-ब्लॉक के सभी तत्व (4*f* श्रेणी-लेन्थेनाइड एवं 5*f* श्रेणी-एक्टेनाइड) $3^{rd}$ समूह में रखे गये (IIIB) और आवर्त सारणी के तल पर पृथक ब्लॉक के रुप में रखे जाते हैं।

# Ordinary Thinking

## Objective Questions

### आवर्त सारणी का दीर्घ रूप

1. इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $1s^2, 2s^2p^6, 3s^1$ वाले तत्व के लिये निम्न में से कौनसा कथन सत्य नहीं है
   (a) यह एक संयोजी विद्युत धनात्मक है
   (b) यह क्षारीय ऑक्साइड बनाता है
   (c) यह एक अधातु है
   (d) इसकी इलेक्ट्रॉन बन्धुता कम है

2. निम्न में से किसके द्वारा तत्वों की आवर्तता प्रभावित नहीं होती है [UPSEAT 2001; BIT 1990; MP PMT 2001]
   (a) बन्धन व्यवहार (b) विद्युत ऋणात्मकता
   (c) आयनन ऊर्जा (d) न्यूट्रॉन/प्रोटॉन अनुपात

3. यदि एक परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^6 3d^3 4s^2$ है, तो इसे रखा गया है [CBSE PMT 2002]
   (a) द्वितीय समूह में (b) तृतीय समूह में
   (c) पाँचवे समूह में (d) छठवें समूह में

4. सभी *s*–ब्लॉक तत्वों को आवर्त सारणी में रखा गया है ... [Orissa JEE 2002]
   (a) I*A* और II*A* समूहों में (b) III*A* और IV*A* समूहों में
   (c) *B* उप समूह में (d) V*A* से VII*A* समूहों में

5. हैलोजन समूह का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है [MP PET/PMT 1998; Pb. PMT 2001]
   (a) $ns^2np^6$ (b) $ns^2np^3$
   (c) $ns^2np^5$ (d) $ns^2$

6. हाइड्रोजन एक इलेक्ट्रॉन दान करके $H^+$ निर्मित करता है, इस गुण में यह किससे समानता दर्शाता है
   (a) संक्रमण धातु (b) क्षारीय मृदा धातु
   (c) क्षारीय धातुएँ (d) हैलोजन

7. आवर्त सारणी में दसवा तत्व किसके अनुरूप होगा [CPMT 1988]
   (a) पहले आवर्त के (b) द्वितीय आवर्त के

(c) चौथे समूह के (d) नवें समूह के

8. किसी तत्व के क्वांटम अंक इस प्रकार हैं $n=2, l=1, m=1, s=-1/2$ इस तत्व की आवर्त सारणी में निम्नांकित स्थिति है

(a) वर्ग VII-A, आवर्त II (b) वर्ग 0, आवर्त II

(c) वर्ग VII-A, आवर्त III (d) वर्ग 0, आवर्त III

9. आवर्त सारणी का दीर्घ स्वरूप किसने विकसित किया [MP PET 1997]

(a) लोथर मेयर (b) नील्स बोर

(c) मेण्डलीफ (d) मोसले

10. एक तत्व का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $1s^2, 2s^2 2p^6, 3s^2 3p^3$ है। आवर्त सारणी में इस तत्व के ग्रुप में संलग्न नीचे के स्थान के तत्व का परमाणु क्रमांक होगा [CBSE PMT 1995]

(a) 33 (b) 34

(c) 31 (d) 49

11. आवर्त सारणी में परमाणु क्रमांक 16 वाले तत्व को किस समूह में रखा जायेगा [MP PET/PMT 1998]

(a) तृतीय (b) चतुर्थ

(c) पंचम (d) षष्टम

12. दुर्लभ मृदा-धातुओं का प्रथम तत्व है [AFMC 1992]

(a) सीरियम (b) ऐक्टीनियम

(c) यूरेनियम (d) लैन्थेनम

13. $d$-ब्लॉक तत्वों में अधिकांश होते हैं [MP PMT 1994]

(a) एकसंयोजी धातुएँ

(b) सभी अधातुएँ

(c) वे तत्व हैं जो साधारणतः स्टाइकियोमेट्री (रससमीकरणमितीय) धातु ऑक्साइड बनाते हैं

(d) कई ऐसी धातुएँ हैं जिनमें उत्प्रेरकीय गुण हैं

14. "तत्वों के *6* गुण उनकी परमाणु संख्या के आवर्तीफलन होते हैं" यह कथन किसके द्वारा दिया गया है [MNR 1995]

(a) नील बोर (b) जे.डब्ल्यू. डोबेराइनर

(c) डी.आई. मैण्डलीफ (d) एच.जी.जे. मोसले

15. आवर्त सारणी के दीर्घ रूप में होते हैं [CPMT 1986; KCET 1998]

(a) आठ क्षैतिज पंक्तियाँ एवं सात ऊर्ध्वाधर स्तम्भ

(b) सात क्षैतिज पंक्तियाँ एवं अठारह ऊर्ध्वाधर स्तम्भ

(c) सात क्षैतिज पंक्तियाँ एवं सात ऊर्ध्वाधर स्तम्भ

(d) आठ क्षैतिज पंक्तियाँ एवं आठ ऊर्ध्वाधर स्तम्भ

16. टेल्यूरिक हैलिक्स (Telluric helix) निम्न में से किसके द्वारा दिया गया [AFMC 1990]

(a) डी चान कोर्टोइस (b) न्यूलैण्ड्स

(c) एल. मेयर (d) मैण्डलीफ

17. निम्न में से कौनसा आवर्त सारणी में तत्वों के प्रतिनिधि समूह का अनुसरण करता है [Kurukshetra CEE 1991]

(a) लैन्थेनम (b) आर्गन

(c) क्रोमियम (d) एल्यूमीनियम

18. परमाणु क्रमांक 29 वाला तत्व होगा [CPMT 1991; Kurukshetra CEE 1991; MP PET 2001]

(a) $s$-ब्लॉक में (b) $p$-ब्लॉक में

(c) $d$-ब्लॉक में (d) $f$-ब्लॉक में

19. वह परिवार जिससे कैलीफोर्नियम तत्व सम्बन्धित है [MNR 1987]

(a) एक्टिनाइड श्रेणी (b) क्षार-धातु परिवार

(c) क्षारीय-मृदा परिवार (d) लैन्थेनाइड श्रेणी

20. आवर्त सारणी में किसी आवर्त में बायें से दाहिनी ओर बढ़ने पर धात्विक गुण [CPMT 1986]

(a) बढ़ता है (b) घटता है

(c) स्थिर रहता है (d) पहले बढ़ता है फिर घटता है

21. एक तत्व जिसका परमाणु क्रमांक 20 है, को आवर्त सारणी में रखा जावेगा [MNR 1986; UPSEAT 1999]

(a) चौथे आवर्त में (b) तीसरे आवर्त में

(c) दूसरे आवर्त में (d) पहले आवर्त में

22. इलेक्ट्रॉनिक संरचना $(n-1)d^{1-10}ns^{0-2}$ अभिलाक्षणिक है [CET Pune 1998]

(a) संक्रमण तत्वों की (b) लैन्थेनाइड्स की

(c) एक्टिनाइड्स की (d) निष्क्रिय गैसों की

23. परमाणु क्रमांक 10, 18, 36, 54 एवं 86 वाले सभी तत्व हैं [CPMT 1976]

(a) हल्की धातुएँ (b) अक्रिय गैसें

(c) हैलोजन्स (d) दुर्लभ मृदा तत्व

24. परमाणु क्रमांक 6 वाले तत्व का आवर्त सारणी में स्थान है [CPMT 1978]

(a) IV समूह (b) IV आवर्त

(c) VI समूह (d) III समूह

25. निम्नलिखित में से कौनसा तत्व लैन्थेनाइड (दुर्लभमृदा तत्व) है [Manipal MEE 1995]

(a) कैडमियम (b) कैलिफोर्नियम

(c) सीरियम (d) सीजियम

26. मैण्डलीफ का आवर्त नियम आधारित है

(a) परमाणु भार पर (b) परमाणु क्रमांक पर

(c) न्यूट्रॉन की संख्या पर (d) इनमें से कोई नहीं

27. निम्नलिखित में से सबसे भारी परमाणु है [CPMT 1976; NCERT 1976]

(a) $U$ (b) $Ra$

(c) $Pb$ (d) $Hg$

28. निम्न में से तत्वों का कौनसा जोड़ा आवर्त सारणी के एक ही वर्ग में है [CPMT 1985; MP PET/PMT 1998]

(a) $Mg-Ba$ (b) $Mg-Na$

(c) $Mg-Cu$ (d) $Mg-K$

29. निम्न में से तत्वों का कौन-सा जोड़ा आवर्त सारणी के एक ही आवर्त का है [CPMT 1985; UPSEAT 2001; BHU 2003]

(a) $Na-Ca$ (b) $Na-Cl$

(c) $Ca-Cl$ (d) $Cl-Br$

30. विकर्ण सम्बन्ध प्रदर्शित करने वाले तत्व हैं [DPMT 1984]

(a) प्रथम आवर्त के तत्व (b) द्वितीय आवर्त के तत्व

(c) तीसरे आावर्त के तत्व (d) (b) एवं (c) दोनों

31. तत्व जिसका इलेक्ट्रॉनिक विन्यास निम्न है,

$[Kr]\ 4d^{10}f^{14}, 5s^2p^6d^2, 6s^2$ है, का सम्बन्ध है [CPMT 1982]

(a) s-ब्लॉक से (b) p-ब्लॉक से
(c) d-ब्लॉक से (d) f-ब्लॉक से

32. $Li$ और $Mg$ के रासायनिक गुण समान होते हैं, क्योंकि [RPMT 2002]
(a) ये एक ही समूह में स्थित हैं
(b) दोनों का आयनन विभव बराबर है
(c) विकर्ण सम्बन्ध प्रदर्शित करते हैं
(d) दोनों की इलेक्ट्रॉन बंधुता बराबर है

33. तत्वों के आवर्ती नियम के अनुसार तत्वों के गुणों में भिन्नता सम्बन्धित है उनके [AIEEE 2003]
(a) परमाणु भार से
(b) नाभिकीय द्रव्यमान से
(c) परमाणु संख्या से
(d) नाभिकों में न्यूट्रॉन-प्रोटॉन संख्या से

34. परमाणु क्रमांक 36 वाला तत्व आवर्त सारणी के किस समूह से सम्बन्धित है [KCET 2003]
(a) $p$ (b) $s$
(c) $f$ (d) $d$

35. आवर्त सारणी के किस समूह में केवल धातुएँ हैं [UPSEAT 2003]
(a) IIA (b) IB
(c) IA (d) इनमें में से कोई नहीं

36. वे तत्व जिनमें $s$ एवं $p$-ऑर्बिटल होते हैं
(a) सामान्य तत्व (b) अक्रिय गैसें
(c) हैलोजन (d) संक्रमण तत्व

37. एल्यूमीनियम विकर्णतः सम्बन्धित है (आवर्त सारणी में) [MP PET 1993]
(a) $Li$ से (b) $C$ से
(c) $B$ से (d) $Be$ से

38. एक तत्व जिसका इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $1s^2, 2s^2 2p^6, 3s^2 3p^6 3d^5, 4s^1$ है, वह तत्व है
(a) s-ब्लॉक का (b) p-ब्लॉक का
(c) d-ब्लॉक का (d) अक्रिय गैस

39. निम्न में से कौन विकर्ण सम्बन्ध प्रदर्शित करता है [KCET 2003; MP PMT 2003]
(a) $B$ और $Si$ (b) $B$ और $Al$
(c) $B$ और $Ga$ (d) $B$ और $C$

40. निम्न में से किसमें द्विऋणात्मक आयन सामान्यतः होते हैं [CPMT 2000]
(a) $S^{2-}$ (b) $Se^{2-}$
(c) $Te^{2-}$ (d) $O^{2-}$

41. एक तत्व का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^4$ है इसे किस आवर्त, समूह व ब्लॉक में रखा गया है [CPMT 2000]
(a) आवर्त = 3°, ब्लॉक = $p$, समूह = 16
(b) आवर्त = 5°, ब्लॉक = $s$, समूह = 1
(c) आवर्त = 3°, ब्लॉक = $p$, समूह = 10
(d) आवर्त = 4°, ब्लॉक = $d$, समूह = 12

42. यदि एक तत्व का परमाणु क्रमांक 33 है, तो इसे आवर्त सारणी में रखा गया है [RPET 1999; UPSEAT 2001, 02]
(a) प्रथम समूह में (b) तृतीय समूह में
(c) पाँचवे समूह में (d) सातवें समूह में

43. निम्न में से कौनसा परमाणु क्रमांक एक धातु का है [AIIMS 2000]
(a) 32 (b) 34
(c) 36 (d) 38

44. निम्न में से कौनसा कथन हाइड्रोजन परमाणु के लिये सही नहीं है [AIIMS 2000]
(a) यह कुछ गुण हैलोजन समूह के समान प्रदर्शित करता है
(b) यह कुछ गुण क्षारीय धातुओं के समान प्रदर्शित करता है
(c) इसे आवर्त सारणी के 7 वें समूह में रखा जा सकता है
(d) इसे आवर्त सारणी के प्रथम समूह में नहीं रखा जा सकता है

45. लीथियम, मैग्नीशियम से रासायनिक व्यवहार में समानता प्रदर्शित करता है, क्योंकि [AFMC 2000]
(a) समान आकार, समान ऋणविद्युतता और कम ध्रुवण क्षमता
(b) समान आकार, अधिक ऋणविद्युतता और समान ध्रुवण क्षमता
(c) समान आकार, समान ऋणविद्युतता और समान उच्च ध्रुवण क्षमता
(d) इनमें से कोई नहीं

46. संक्रमण तत्वों के आवर्तों में बांये से दांये चलने पर उनका परमाण्विक आयतन [MP PMT 2003]
(a) घटता है (b) बढ़ता है
(c) समान रहता है (d) इनमें से कोई नहीं

47. चेल्कोन्स के बाहरी कक्षा का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है
(a) $s^2p^3$ (b) $s^2p^4$
(c) $s^2p^5$ (d) $s^2p^6$

48. कौनसा इलेक्ट्रॉनिक विन्यास उत्कृष्ट गैस का है [DPMT 2000]
(a) $1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^6 3d^{10} 4s^2$
(b) $1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^6$
(c) $1s^2 2s^2 2p^6 3p^6$
(d) $1s^2 2s^2 2p^6 3s^2$

49. निम्न में से किन तत्वों के युग्म में उनकी बाहरी कोश में उपस्थित इलेक्ट्रॉनों की संख्या बराबर होती है [Kurukshetra CEE 1998; AFMC 2000]
(a) $N$, $O$ (b) $Na$, $Ca$
(c) $As$, $Bi$ (d) $Pb$, $Sb$

50. डोबेराइनर त्रिक (Dobereiner traid) है [RPMT 1997]
(a) $Na$, $K$, $Rb$ (b) $Mg$, $S$, $As$
(c) $Cl$, $Br$, $I$ (d) $P$, $S$, $As$

51. आधुनिक आवर्त नियम के अनुसार तत्वों के भौतिक एवं रासायनिक गुण निम्न के आवर्ती फलन होते हैं [RPMT 1997; EAMCET 1998]
(a) परमाणु आयतन (b) इलेक्ट्रॉनिक विन्यास
(c) परमाणु भार (d) परमाणु आकार

52. परमाणु क्रमांक 103 के बाद तक के तत्वों की अब तक खोज हो चुकी है। यदि परमाणु क्रमांक 106 वाले तत्व की खोज भी हो जाये तो उसका इलेक्ट्रॉनिक विन्यास होगा [AIIMS 1982]
(a) $[Rn]5f^{14}6d^4 7s^2$ (b) $[Rn]5f^{14}6d^5 7s^1$
(c) $[Rn]5f^{14}6d^6 7s^0$ (d) $[Rn]5f^{14}6d^1 7s^2 7p^3$

53. तत्व $X$, $Y$, $Z$ एवं $T$ का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास दिया गया है, आंतरिक कक्षा से प्रारम्भ करने पर कौनसा तत्व सर्वाधिक धात्विक तत्व है [CPMT 1979, 93]
(a) $X = 2, 8, 4$ (b) $Y = 2, 8, 8$

(c) $Z = 2,8,8,1$ (d) $T = 2,8,8,7$

**54.** परमाणु क्रमांकों का कौनसा युग्म $s$-ब्लॉक तत्वों को प्रदर्शित करता है [EAMCET 1990; RPMT 1997; MP PET 2003]

(a) 7, 15 (b) 6, 12
(c) 9, 17 (d) 3, 12

**55.** तत्वों के कौनसे युग्म समान रासायनिक गुण रखते हैं [EAMCET 1987]

(a) 13, 22 (b) 3, 11
(c) 4, 24 (d) 2, 4

**56.** मोसले का नाम जिस अविष्कार से जुड़ा है, वह है

(a) पॉजीट्रॉन (b) ड्यूट्रॉन
(c) परमाणु क्रमांक (d) परमाणु भार

**57.** आवर्त सारणी में फ्लोरीन समूह में ऊपर से नीचे की ओर चलने पर [CPMT 1981]

(a) सक्रियता बढ़ेगी (b) विद्युत-ऋणात्मकता बढ़ेगी
(c) आयनिक त्रिज्या बढ़ेगी (d) आयनन विभव बढ़ेगा

**58.** बेरिलियम की समानता है [CPMT 1988]

(a) $Zn$ से (b) $Al$ से
(c) $Li$ से (d) $Ra$ से

**59.** प्रत्येक आवर्त का अन्तिम तत्व आवर्त सारणी में है [DPMT 2001]

(a) एक अक्रिय गैस तत्व (b) एक संक्रमण तत्व
(c) एक हैलोजन (d) एक क्षारीय धातु

**60.** निम्न से कौन-सा संयोजन धात्विक तत्व का है [EAMCET 1979]

(a) 2, 8, 7 (b) 2, 8, 8
(c) 2, 8, 4 (d) 2, 8, 2

**61.** एक परमाणु $A$ का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $1s^2, 2s^2p^6, 3s^2p^6d^{10}, 4s^2p^3$ है, इस $A$ तत्व का रसायन समानता प्रदर्शित करता है [MP PMT 1995]

(a) क्लोरीन से (b) नाइट्रोजन से
(c) ऑक्सीजन से (d) बोरॉन से

**62.** एक तत्व जिसका इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $1s^2,\ 2s^2\,2p^6, 3s^2\,3p^1$ है, वह तत्व है

(a) एक संक्रमण तत्व (b) एक प्रतिनिधि तत्व
(c) एक अक्रिय गैस (d) एक आन्तरिक संक्रमण तत्व

**63.** $1s^2, 2s^2p^6, 3s^2$ इलेक्ट्रॉनिक विन्यास वाला तत्व होना चाहिए [CPMT 1986; MP PMT 1993]

(a) एक धातु (b) एक अधातु
(c) अक्रिय गैस (d) एक उप-धातु

**64.** आवर्त सारणी का दीर्घ रूप आधारित है [CPMT 1997]

(a) परमाणु के आकार पर
(b) परमाणु के द्रव्यमान पर
(c) परमाणु के परमाणु क्रमांक पर
(d) विद्युत ऋणात्मकता पर

**65.** एक तत्व $A$ का क्लोराइड जल में उदासीन विलयन देता है। आवर्त सारणी में तत्व $A$ किस समूह का होगा [AIIMS 1992; UPSEAT 2001]

(a) प्रथम समूह (b) तृतीय समूह
(c) पंचम समूह (d) प्रथम संक्रमण श्रेणी

**66.** वर्तमान आवर्त सारणी में तत्वों को किस मूलभूत आधार पर रखा गया है [JIPMER 1999]

(a) परमाणु भार के बढ़ते हुए क्रम में
(b) रासायनिक गुणों के आधार पर समूह में
(c) परमाणु नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या के बढ़ते हुए क्रम में
(d) नाभिक में प्रोटोन की संख्या के बढ़ते हुए क्रम में

**67.** आवर्त सारणी के किसी एक समूह में उपस्थित सभी तत्वों का [NCERT 1974; MP PET 1996; MP PMT 1996]

(a) परमाणु क्रमांक समान होता है
(b) इलेक्ट्रॉनिक विन्यास समान होता है
(c) परमाणु भार समान होता है
(d) बाह्यतम कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या समान होती है या बन्ध बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनों की संख्या समान होती है

**68.** वे तत्व, जिनके संयोग से सबसे अधिक आयनिक प्रकृति वाला यौगिक प्राप्त होता है, उनके समूह हैं

(a) 1 एवं 7 समूह (b) 2 एवं 6 समूह
(c) 3 एवं 5 समूह (d) 0 एवं 7 समूह

**69.** परमाणु क्रमांक 21 वाला एक परमाणु निम्न में से किस श्रेणी का है [Kurukshetra CEE 1991]

(a) $s$-ब्लॉक तत्व (b) $p$-ब्लॉक तत्व
(c) $d$-ब्लॉक तत्व (d) $f$-ब्लॉक तत्व

**70.** किस धातु की अंतिम कक्षा में 2 इलेक्ट्रॉन होते हैं

(a) $Na$ (b) $Cu$
(c) $Au$ (d) $Be$

**71.** आधुनिक आवर्त सारणी में तत्व व्यवस्थित हैं [MP PMT 1990; MP PET 1995; CPMT 1971, 73, 78, 80]

(a) बढ़ते हुये परमाणु द्रव्यमान के क्रम में
(b) बढ़ते हुये परमाणु आयतन के क्रम में
(c) बढ़ते हुये परमाणु क्रमांक के क्रम में
(d) वर्णमाला क्रम में

**72.** प्रत्येक आवर्त में क्षार धातुओं का / की [MP PMT 1995]

(a) सबसे छोटा आकार होता है
(b) सबसे कम आयनन विभव होता है
(c) सबसे अधिक आयनन विभव होता है
(d) सबसे अधिक विद्युत ऋणात्मकता होती है

**73.** आवर्त सारणी में दाहिनी ओर स्थित तत्व हैं [CPMT 1976]

(a) धातुएँ (b) उपधातुएँ
(c) अधातुएँ (d) संक्रमण तत्व

**74.** $d$-इलेक्ट्रॉनों का परिरक्षण प्रभाव है [RPMT 2000]

(a) $p$-इलेक्ट्रॉनों के समान (b) $p$-इलेक्ट्रॉनों से अधिक
(c) $f$-इलेक्ट्रॉनों जैसा (d) $p$-इलेक्ट्रॉनों से कम

**75.** किसी परमाणु के रासायनिक व्यवहार का निर्धारण निम्न के द्वारा होता है

(a) परमाणु क्रमांक से (b) द्रव्यमान संख्या से
(c) बंधन ऊर्जा से (d) समस्थानिकों की संख्या से

**76.** निम्न में से कौनसा एक अक्रिय तत्व है

(a) $Na$ (b) $Fe$
(c) $Li$ (d) $He$

77. सबसे हल्की धातु है [CPMT 1976; NCERT 1976; AFMC 1988]
(a) $Li$ (b) $Mg$
(c) $Ca$ (d) $Na$

78. इनमें से प्रारूपी तत्व बताओ
(a) $K$ (b) $Na$
(c) $Sc$ (d) $He$

79. निम्नलिखित तत्वों के जोड़ों में से वह जोड़ा जो आवर्त सारणी में उप-धातु तत्वों का है
(a) सोडियम एवं पोटेशियम (b) फ्लोरीन एवं क्लोरीन
(c) कैल्शियम एवं मैग्नीशियम (d) बोरॉन एवं सिलिकॉन

80. आवर्त सारणी के प्रत्येक दीर्घ आवर्त में तत्वों की संख्या है
(a) 2 (b) 8
(c) 18 (d) 32

81. आवर्त सारणी के दीर्घ रूप में अधातुओं को रखा गया है [EAMCET 1988]
(a) $s$-ब्लॉक में (b) $p$-ब्लॉक में
(c) $d$-ब्लॉक में (d) $f$-ब्लॉक में

82. बाह्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $ns^2np^6$ वाले तत्व हैं [MP PET/PMT 1998]
(a) क्षारीय मृदा धातुएँ (b) संक्रमण तत्व
(c) चेल्कोजन्स (d) उत्कृष्ट गैसें

83. किसका घनत्व सर्वाधिक है [RPET 2000]
(a) $Ir$ (b) $Os$
(c) $Pb$ (d) $Hg$

84. लीथियम विकर्ण सम्बन्ध प्रदर्शित करता है [MP PET 1995, 96; EAMCET 1990]
(a) $Al$ से (b) $Mg$ से
(c) $Be$ से (d) $B$ से

85. $1s^2 2s^2 2p^6 3s^2$ किस धातु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है [RPET 2000]
(a) $Na$ (b) $Mg$
(c) $Fe$ (d) $Al$

86. परमाणु क्रमांक 17 वाला तत्व रखा जाता है [MP PET 1995]
(a) $I$-समूह में (b) $V$-समूह में
(c) $VIII$-समूह में (d) $VII$-समूह में

87. आवर्त सारणी के विकास में सबसे अधिक सक्रिय भाग लेने वाले वैज्ञानिक थे [CPMT 1976]
(a) मैण्डलीफ (b) डाल्टन
(c) एवोगैड्रो (d) केवेन्डिश

88. रसायन शास्त्र के पिता कौन कहलाते हैं [CPMT 1972]
(a) फैराडे (b) प्रीस्टले
(c) रदरफोर्ड (d) लेवोजियर

89. दुर्लभमृदा तत्वों की कुल संख्या है [CPMT 1993]
(a) 8 (b) 32
(c) 14 (d) 10

90. निम्न में से कौन उपधातु (Metalloid) है [Bihar MEE 1997]
(a) $Pb$ (b) $Sb$
(c) $Bi$ (d) $Zn$
(e) $Mg$

91. तत्व या तत्वों के समूह जिनकी आवर्त सारणी में स्थिति अनिश्चित है
(a) हैलोजन (b) $Fe, Co$ एवं $Ni$
(c) अक्रिय गैसें (d) हाइड्रोजन

92. एक तत्व M जिसका परमाणु द्रव्यमान 19 तथा परमाणु क्रमांक 9 है, इसका आयन होगा
(a) $M^+$ (b) $M^-$
(c) $M^{2+}$ (d) $M^{2-}$

93. आवर्त सारणी के पाँचवें आवर्त में तत्वों की संख्या है
(a) 8 (b) 10
(c) 18 (d) 32

94. परमाणु क्रमांक 55 वाला तत्व है [MP PMT 1995]
(a) $s$-ब्लॉक का (b) $p$-ब्लॉक का
(c) $d$-ब्लॉक का (d) $f$-ब्लॉक का

95. किसके द्वारा रंगीन लवण बनते हैं [Bihar MEE 1996]
(a) क्षार धातुओं द्वारा (b) लैन्थेनाइड द्वारा
(c) एक्टिनाइड द्वारा (d) संक्रमण धातुओं द्वारा
(e) इनमें से कोई नहीं

96. निम्नलिखित में से कौनसा एक $s$ –ब्लॉक का तत्व है [MP PMT 1999]
(a) एल्यूमीनियम (b) क्रोमियम
(c) नायोबियम (d) पोटेशियम

97. परमाणु संख्या 31 वाले तत्व का आधुनिक आवर्त सारणी में स्थान है [MP PMT 1999]
(a) $s$ – ब्लॉक में (b) $d$- ब्लॉक में
(c) $p$- ब्लॉक में (d) $f$ – ब्लॉक में

98. समूह-IV का अन्तिम तत्व पाया गया [DPMT 1996]
(a) प्रबल धात्विक (b) दुर्बल धात्विक
(c) प्रबल अधात्विक (d) दुर्बल अधात्विक

99. $d$-ब्लॉक के तत्वों को कहा जाता है [DPMT 1996]
(a) संक्रमण तत्व (b) ट्रांसयूरेनिक तत्व
(c) धातुएँ (d) उपधातुएँ

100. इनमें से कौन-सा एक नॉर्मल तत्व है
(a) $Ce$ (b) $He$
(c) $Li$ (d) $Ar$

101. निम्न में से कौनसी उपधातु है [BHU 1996; AMU 2000]
(a) $Pb$ (b) $Zn$
(c) $As$ (d) इनमें से कोई नहीं

102. सामान्य स्थिति मे निम्न में से कौनसा इलेक्ट्रॉनिक विन्यास द्विधनात्मक आयन बनाने के योग्य है [RPET 2000]
(a) $[Ar]4s^1$ (b) $[Ne]2s^2 3p^6$
(c) $[Ne]3s^2$ (d) इनमें से कोई नहीं

103. वह कथन जो आवर्त सारणी के "दीर्घ रूप" के लिए सत्य है [IIT 1988]

(a) यह उस क्रम को प्रदर्शित करती है, जिसमें इलेक्ट्रॉन उप-ऊर्जा स्तर *s, p, d* एवं *f* में भरते हैं
(b) यह तत्वों की स्थाई संयोजकता अवस्था को स्पष्ट करने में सहायक है
(c) यह तत्वों के भौतिक एवं रासायनिक गुणों की प्रवृत्ति को प्रदर्शित करती है
(d) यह किन्हीं दो परमाणुओं के मध्य बने बन्धों की आयनिक शक्ति को स्पष्ट करने में सहायक है

104. $1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^6 3d^{10} 4s^1$ इलेक्ट्रॉनिक विन्यास वाला तत्व आवर्त सारणी के किस ब्लॉक से सम्बन्धित है [MP PMT 1995]
(a) $s$ - ब्लॉक (b) $p$ - ब्लॉक
(c) $d$ - ब्लॉक (d) $f$ – ब्लॉक

105. $Ce-58$ सदस्य है
(a) *s*-ब्लॉक तत्वों का (b) *p*-ब्लॉक तत्वों का
(c) *d*-ब्लॉक तत्वों का (d) *f*-ब्लॉक तत्वों का

106. तत्वों के परमाणु क्रमांक दर्शाते हैं
(a) नाभिक में प्रोटॉनों की संख्या
(b) नाभिक में न्यूट्रॉनों की संख्या
(c) नाभिक में न्यूट्रॉन + प्रोटॉन की संख्या
(d) एक तत्व की संयोजकता

107. आवर्त सारणी के द्वितीय आवर्त में बांये से दाहिनी ओर चलने पर तत्वों के ग्राम परमाणु आयतन
(a) अनिश्चित परिवर्तन होगा
(b) एक स्थिर दर पर बढ़ते हैं
(c) पहले बढ़ते हैं, फिर घटते हैं
(d) घटते हैं

108. उस तत्व का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास क्या होगा जो समान आवर्त वर्ग में परमाणु क्रमांक 43 वाले तत्व से ठीक ऊपर है [MNR 1992; UPSEAT 1999, 2000, 02]
(a) $1s^2\ 2s^2\ 2p^6\ 3s^2\ 3p^6\ 3d^5\ 4s^2$
(b) $1s^2\ 2s^2\ 2p^6\ 3s^2\ 3p^6\ 3d^{10}\ 4s^2\ 4p^5$
(c) $1s^2\ 2s^2\ 2p^6\ 3s^2\ 3p^6\ 3d^6\ 4s^1$
(d) $1s^2\ 2s^2\ 2p^6\ 3s^2 3p^6\ 3d^{10}\ 4s^1\ 4p^6$

109. एक ही वर्ग में पाये जाने वाले तत्व जो निम्न परमाणु संख्या दर्शाते हैं, वे हैं [RPMT 1997]
(a) 11 और 37 (b) 19 और 15
(c) 39 और 88 (d) इनमें से कोई नहीं

110. वे तत्व जिनमें $4f$ कक्षक अनुक्रमिक भरे होते हैं, कहलाते हैं [MP PET 1996]
(a) संक्रमण तत्व (b) लैन्थेनाइड
(c) एक्टिनाइड (d) अक्रिय गैस

111. हाइड्रोजन को हैलोजन समूह में रख सकते हैं क्योंकि [RPMT 2000]
(a) ड्यूटीरियम व ट्राईटियम इसके समस्थानिक होते हैं
(b) यह क्लोराइड के समान हाइड्राइड बनाती है
(c) इसमें केवल 1 इलेक्ट्रॉन होता है
(d) यह हल्की होती है

112. मुख्य समूह तत्वों में, (i) जब हम आवर्त सारणी के उस समूह में ऊपर से नीचे जाते हैं और (ii) जब हम उसी आवर्त में बायें से दाहिनी तरफ जाते हैं तो परमाणु त्रिज्या
(a) (i) लगातार बढ़ती जाती है; (ii) लगातार घटती जाती है
(b) (i) लगातार घटती जाती है; (ii) लगातार बढ़ती जाती है
(c) (i) लगातार बढ़ती जाती है; (ii) समूह IV तक घटती जाती है और फिर आवर्त के अन्त तक बढ़ती जाती है
(d) (i) लगातार घटती जाती है; (ii) समूह IV तक घटती जाती है और फिर आवर्त के अन्त तक बढ़ती जाती है

113. विकर्ण सम्बन्ध का कारण है
(a) तत्वों के समान इलेक्ट्रॉनिक विन्यास
(b) तत्वों के समान $e/r$ अनुपात
(c) तत्वों में समान संख्या में संयोजकता इलेक्ट्रॉनों की उपस्थिति
(d) तत्वों के समान परमाणु भार

114. $Mg^{2+}$ की जलयोजन ऊर्जा निम्न में से किससे अधिक होती है [MP PET 2000]
(a) $Na^+$ (b) $Al^{3+}$
(c) $Be^{2+}$ (d) $Cr^{3+}$

115. वर्ग जिसमें सभी धातुएँ होती हैं [RPET 2000]
(a) III*A* (b) IV*A*
(c) VII*A* (d) II*A*

116. आवर्त सारणी के विकास में किसका नाम सम्मिलित नहीं है [DCE 1999]
(a) प्राउट्स (b) न्यूलैण्ड्स
(c) रदरफोर्ड (d) लोथर मेयर

117. परमाणु क्रमांक 23 का तत्व आवर्त सारणी में है [MP PMT 1996]
(a) $s$ – ब्लॉक में (b) $p$ – ब्लॉक में
(c) $d$ – ब्लॉक में (d) $f$ – ब्लॉक में

118. निम्न समूहों में से वह समूह जिसमें तीनों सदस्य क्षारीय-मृदा धातुओं के है
(a) $Al, Sr, Ti$ (b) $Li, Na, K$
(c) $Mg, Ba, Ca$ (d) $Rb, Cs, Fr$

119. एस्टाटीन है [RPET 2000]
(a) हैलोजन (b) दुर्लभ मृदा तत्व
(c) क्षारीय मृदा धातु (d) इनमें से कोई नहीं

120. लीथियम नाइट्राइड में नाइट्राइड आयन बनता हैं [CBSE PMT 2001]
(a) $7P+7e$ से (b) $10P+7e$ से
(c) $7P+10e$ से (d) $10P+10e$ से

121. कौनसे समूह के सदस्यों की तलस्थ अवस्था में अयुग्मित इलेक्ट्रॉन की संख्या समान होती है [JIPMER 2000]
(a) $Cl^-, Fe^{3+}, Cr^{3+}$ (b) $Na^+,\ Mg^{2+},\ Al$
(c) $Na, P,\ Cl$ (d) $N, P, V$

122. निम्न में से कौनसा गर्म करने पर अपघटित नहीं होता है [AMU 2002]

(a) $MgCO_3$ (b) $Na_2CO_3$

(c) $Li_2CO_3$ (d) $Ca(HCO_3)_2$

123. निम्न में से किसमें बन्ध कोण सबसे छोटा होता है [AMU 2002]

(a) $H_2O$ (b) $NH_3$

(c) $CH_4$ (d) $CO_2$

124. वह धातु जिसका गलनांक अधिकतम है [AMU 2002]

(a) क्रोमियम (b) टंगस्टन

(c) हीरा (d) सिल्वर

125. तत्व जिनके परमाणु क्रमांक 9, 17, 35, 53, 85 हैं, वे सभी हैं [KCET 2004]

(a) उत्कृष्ट गैसें (b) हैलोजन

(c) भारी धातुएँ (d) हल्की धातुएँ

126. एक तत्व का परमाणु क्रमांक ज्ञात किया जाता है [Kerala PMT 2004]

(a) इलेक्ट्रॉनों की संख्या से (b) प्रोटॉनों की संख्या से

(c) न्यूट्रॉनों की संख्या से (d) समस्थानिकों की संख्या से

(e) न्यूक्लियॉन की संख्या से

127. बेरिलियम इसके साथ विकर्ण संबंध दर्शाता है [Pb.CET 2003]

(a) *Mg* (b) *Na*

(c) *B* (d) Al

128. आवर्त सारणी के किसी समूह में ऊपर से नीचे की ओर जाने पर कौनसा गुणधर्म अपरिवर्तित रहता है [MP PMT 1997; RPMT 2002]

(a) परमाणु आकार (b) घनत्व

(c) संयोजकता इलेक्ट्रॉन (d) धात्विक लक्षण

129. निम्न में से कौनसा तत्व द्रव अवस्था में नहीं पाया जाता है [RPMT 2002]

(a) *Hg* (b) *Li*

(c) *Ga* (d) *Br*

130. तत्वों के गुणों में आवर्तता का कारण है

(a) बढ़ती हुई परमाणु त्रिज्याएँ

(b) बढ़ते हुए परमाणु भार

(c) संयोजी कक्षाओं में इलेक्ट्रॉनों की संख्या

(d) समान बाहरी इलेक्ट्रॉनिक विन्यास का बार-बार आना

131. यद्यपि लीथियम एवं मैग्नीशियम आवर्त सारिणी में भिन्न समूहों में हैं फिर भी रासायनिक दृष्टि से ये दोनों समान हैं [NCERT 1982]

(a) दोनों प्रकृति में साथ-साथ पाए जाते हैं

(b) दोनों का आकार लगभग समान है

(c) दोनों के इलेक्ट्रॉनिक विन्यास समान हैं

(d) उनके आवेश का आकार से अनुपात लगभग समान है

## परमाणु और आयनिक त्रिज्या

1. $He^+$ आयन तथा $H$ परमाणु की त्रिज्याओं के मध्य अनुपात है [MP PET 1996]

(a) $\frac{1}{2}$ (b) 1

(c) $\frac{3}{2}$ (d) 2

2. निम्न में से कौनसा सबसे छोटा आयन है [JIPMER 1999]

(a) $Na^+$ (b) $Mg^{2+}$

(c) $Ba^{2+}$ (d) $Al^{3+}$

3. आकार में सबसे छोटा है [RPMT 1997]

(a) $O^{2-}$ (b) $C^{4-}$

(c) $F^-$ (d) $N^{3-}$

4. निम्न में से किसका आकार सबसे बड़ा है [MP PMT 1995, 2003; JIPMER (Med.) 2002]

(a) $Al$ (b) $Al^+$

(c) $Al^{2+}$ (d) $Al^{3+}$

5. निम्न में से सबसे बड़ा आकार किसका है [EAMCET 1997; BHU 1999]

(a) $Cl^-$ (b) $Ar$

(c) $K^+$ (d) $Ca^{2+}$

6. किस धनायन की त्रिज्या न्यूनतम है [RPET 2000]

(a) $K^+$ (b) $Na^+$

(c) $Li^+$ (d) $Be^{2+}$

7. $F, F^-, O$ और $O^{2-}$ की त्रिज्या का सही क्रम है [AIIMS 1999; CPMT 1999]

(a) $O^{2-} > F^- > O > F$ (b) $O^{2-} > F^- > F > O$

(c) $F^- > O^{2-} > F > O$ (d) $O^{2-} > O > F^- > F$

8. निम्न में से किसका आकार सबसे छोटा होता है [CBSE PMT 1996]

(a) $Na^+$ (b) $Mg^{2+}$

(c) $Cl^-$ (d) $F^-$

9. निम्न में से कौन सबसे बड़ा है [CBSE PMT 1996]

(a) $Cl^-$ (b) $S^{2-}$

(c) $Na^+$ (d) $F^-$

10. बोहर की आवर्त सारणी के किसी समूह में नीचे की ओर चलने पर निम्नलिखित गुणों में से किस गुण में क्रमिक वृद्धि होती है

(a) विद्युत-ऋणात्मकता (b) इलेक्ट्रॉन बंधुता

(c) आयनन विभव (d) परमाणु का आकार

11. फ्लोरीन एवं नियॉन की परमाणु त्रिज्याओं के एंगस्ट्रॉम इकाई में क्रमशः मान हैं [IIT 1987]

(a) 0.762, 1.60 (b) 1.60, 1.60

(c) 0.72, 0.72 (d) इनमें से कोई मान नहीं

12. निम्न में से किस आयन की त्रिज्या सबसे अधिक है [CPMT 1976; NCERT 1977]

(a) $H^-$ (b) $F^-$

(c) $Br^-$ (d) $I^-$

13. सबसे अधिक परमाणु त्रिज्या वाला तत्व है [CPMT 1975; AIIMS 1982; DPMT 1982]

(a) $Al$ (b) $Si$

(c) $P$ (d) $Mg$

14. निम्न में से किस आयन की आयनिक त्रिज्या का मान अधिकतम है [AIEEE 2004]

(a) $O^{2-}$ (b) $B^{3+}$

(c) $Li^{+}$ (d) $F^{-}$

15. आवर्त सारणी में एक मुख्य उपवर्ग में ऊपर से नीचे की ओर (उदाहरणार्थ, $Li$ से $Cs$ तक IA वर्ग में या $Be$ से $Ra$ तक IIA वर्ग में) चलने पर परमाणु त्रिज्या में होने वाला अनुमानित परिवर्तन है [CPMT 1981; NCERT 1979]

(a) लगातार बढ़ने का
(b) लगातार घटने का
(c) एक आवर्ती है, पहले बढ़ती है फिर घटती है
(d) पहले घटती है, फिर बढ़ती है

16. निम्न में से कौनसा एक सबसे छोटे आकार वाला है [IIT 1989]

(a) $N^{3-}$ (b) $O^{2-}$

(c) $F^{-}$ (d) $Na^{+}$

17. कौनसा एक आयोडीन स्पिशीज के आकार का सही क्रम है [Pb. CET 1986; CBSE PMT 1997; Kurukshetra CEE 1998; RPMT 1999; DCE 1999; MP PET 2000; MP PMT 2001; BCECE 2005]

(a) $I > I^{+} > I^{-}$ (b) $I > I^{-} > I^{+}$

(c) $I^{+} > I^{-} > I$ (d) $I^{-} > I > I^{+}$

18. निम्न में से किसकी त्रिज्या अधिक है [CPMT 1997; KCET 2005]

(a) $Na^{+}$ (b) $F$

(c) $F^{-}$ (d) $Na$

19. आवर्त सारणी की तृतीय पंक्ति में परमाणु त्रिज्यायें $Na$ से $Cl$ तक [MP PMT 1986]

(a) लगातार कम होती हैं (b) लगातार बढ़ती हैं

(c) स्थिर रहती हैं (d) बढ़ती हैं, लेकिन लगातार नहीं

20. निम्न में से प्रजातियों के आकार में वृद्धि का सही क्रम है [IIT-JEE 1990; AFMC 1995]

(a) $Mg^{2+} < Na^{+} < F^{-} < Al$ (b) $F^{-} < Al < Na^{+} > Mg^{2+}$

(c) $Al < Mg < F^{-} < Na^{+}$ (d) $Na^{+} < Al < F^{-} < Mg^{2+}$

21. $K^{+}F^{-}$ में $F^{-}$ की आयनिक त्रिज्या अधिक है जबकि $K^{+}$ की परमाणु त्रिज्या [CPMT 1997]

(a) $F^{-}$ से कम (b) $F^{-}$ से अधिक

(c) $F^{-}$ के बराबर (d) इनमें से कोई नहीं

22. निम्नलिखित में से किसका आकार सबसे बड़ा है [EAMCET 1993; MP PET 2001]

(a) $Na^{+}$ (b) $F^{-}$

(c) $Ne$ (d) $O^{2-}$

23. $N^{3-}$, $O^{2-}$, $F^{-}$ एवं $Na^{+}$ आयनों में आयनिक त्रिज्याओं का क्रम है [MP PET/PMT 1998; MP PMT 2000]

(a) $N^{3-} > O^{2-} > F^{-} > Na^{+}$
(b) $N^{3-} > Na^{+} > O^{2-} > F^{-}$
(c) $Na^{+} > O^{2-} > N^{3-} > F^{-}$
(d) $O^{2-} > F^{-} > Na^{+} > N^{3-}$

24. किसी वर्ग में ऊपर से नीचे जाने पर परमाणु तथा आयनन त्रिज्या इसके बढ़ने के साथ बढ़ती जाती है [BMEE 1995]

(a) परमाणु संख्या (b) परमाणु भार

(c) परमाणु द्रव्यमान (d) इनमें से कोई नहीं

25. निम्न में से कौनसा परमाणु आकार का सही क्रम प्रदर्शित करता है [EAMCET 1989]

(a) $Be > F > C > Ne$ (b) $Be < C < F < Ne$

(c) $Be > C > F > Ne$ (d) $F < Ne < Be < C$

26. किसका आकार सबसे कम है [MP PET 1999]

(a) $Na^{+}$ (b) $Mg^{2+}$

(c) $Al^{3+}$ (d) $P^{5+}$

27. एक सोडियम धनायन में निम्न में से किससे इलेक्ट्रॉन की संख्या भिन्न होती है

(a) $O^{2-}$ (b) $F^{-}$

(c) $Li^{-}$ (d) $Al^{3+}$

28. लैन्थेनाइड तत्वों के लिये निम्न में से कौनसा कथन गलत है [CBSE PMT 1994]

(a) आयन विनिमय विधि द्वारा लैन्थेनाइड को एक दूसरे से अलग किया जाता है
(b) त्रिसंयोजी लैन्थेनाइड की आयनिक त्रिज्या परमाणु क्रमांक बढ़ने के साथ बढ़ती है
(c) सभी लैन्थेनाइड उच्च घनत्व वाली धातुएँ होती हैं
(d) लैन्थेनाइड की अभिलाक्षणिक ऑक्सीकरण अवस्था +3 होती है

29. निम्न तथ्य के कारण लैन्थेनाइड संकुचन उत्तरदायी है [CBSE PMT 1997]

(a) $Zr$ तथा $Y$ की त्रिज्या लगभग बराबर होती है
(b) $Zr$ तथा $Nb$ की ऑक्सीकरण संख्या समान है
(c) $Zr$ तथा $Hf$ की त्रिज्या बराबर होती है
(d) $Zr$ तथा $Zn$ की ऑक्सीकरण संख्या समान है

30. किस वर्ग के तत्व शीघ्रता से ऋणायन बनाते हैं [CBSE PMT 1992]

(a) ऑक्सीजन परिवार (b) नाइट्रोजन वर्ग

(c) हैलोजन (d) क्षारीय धातुएँ

31. परमाणु त्रिज्या और आयनिक त्रिज्या को प्रदर्शित करने वाली इकाई है

(a) नैनोमीटर (b) सेन्टीमीटर

(c) Å (d) मीटर

32. आवर्त सारणी में परमााणु त्रिज्यायें तत्वों में दायें से बायें चलने पर [MP PET 1995]

(a) घटती है
(b) बढ़ती है
(c) नियत रहती है
(d) पहले घटती है तथा फिर बढ़ती है

33. निम्नांकित में लघुत्तम आयनिक त्रिज्या वाला आयन है [MP PET 1996]

(a) $K^{+}$ (b) $Ca^{2+}$

(c) $Ti^{3+}$ (d) $Ti^{4+}$

34. निम्न में से कौन दिये गये गुण के सही क्रम को प्रदर्शित नहीं करता [CBSE PMT 1997]

(a) $Sc^{3+} > Cr^{3+} > Fe^{3+} > Mn^{3+}$ आयनिक त्रिज्या

(b) $Sc < Ti < Cr < Mn$ घनत्व

(c) $Mn^{2+} > Ni^{2+} < Co^{2+} < Fe^{2+}$ आयनिक त्रिज्या

(d) $FeO < CaO > MnO > CuO$ क्षारीय प्रकृति

35. $Na^{+}, Mg^{2+}, Al^{3+}$ तथा $Si^{4+}$ आयनों की आयनिक त्रिज्याओं के मान का क्रम है [MP PMT 1996]

(a) $Na^{+} < Mg^{2+} < Al^{3+} < Si^{4+}$

(b) $Mg^{2+} > Na^{+} > Al^{3+} > Si^{4+}$

(c) $Al^{3+} > Na^{+} > Si^{4+} > Mg^{2+}$

(d) $Na^{+} > Mg^{2+} > Al^{3+} > Si^{4+}$

36. $N^{3-}, O^{2-}$ एवं $F^{-}$ आयनों की आयनिक त्रिज्याओं के मानों का क्रम है [MP PMT 1996]

(a) $N^{3-} > O^{2-} > F^{-}$ (b) $N^{3-} < O^{2-} < F^{-}$

(c) $N^{3-} > O^{2-} > F^{-}$ (d) $N^{3-} < O^{2-} > F^{-}$

37. सही कथन कौनसा है

(a) पोटेशियम के लिए, परमाणु त्रिज्या < आयनिक त्रिज्या परन्तु ब्रोमीन के लिए परमाणु त्रिज्या > आयनिक त्रिज्या

(b) पोटेशियम और ब्रोमीन दोनों के लिये परमाणु त्रिज्या > आयनिक त्रिज्या

(c) पोटेशियम और ब्रोमीन दोनों के लिये, परमाणु त्रिज्या < आयनिक त्रिज्या

(d) पोटेशियम के लिये, परमाणु त्रिज्या > आयनिक त्रिज्या परन्तु ब्रोमीन के लिये परमाणु त्रिज्या < आयनिक त्रिज्या

38. निम्न में से किस आयन का आकार सबसे छोटा है [AIIMS 2001]

(a) $O_2^{+}$ (b) $O_2^{-}$

(c) $O_2$ (d) $O_2^{2-}$

39. त्रिज्या का सही क्रम है [IIT-JEE (Screening) 2000]

(a) $N < Be < B$ (b) $F^{-} < O^{2-} < N^{3-}$

(c) $Na < Li < K$ (d) $Fe^{3+} < Fe^{2+} < Fe^{4+}$

40. निम्न में से कौनसा अधिक स्थायी है [MP PET 2000]

(a) $H_2^{+}$ (b) $H^{+}$

(c) $H$ (d) $H^{-}$

41. निम्न में से कौनसा आयनिक त्रिज्या का सही क्रम है [BHU 2002]

(a) $F > Li > Na > K$ (b) $F > K > Na > Li$

(c) $Na > K > F > Li$ (d) $Li > Na > K > F$

42. निम्न में से सबसे छोटा आकार किसका है [KCET 2002]

(a) लीथियम आयन (b) हाइड्रोजन

(c) लीथियम (d) हीलियम

43. निम्नलिखित में से किसकी आयनिक त्रिज्या सबसे अधिक होगी [MP PET 1997]

(a) $C^{4-}$ (b) $N^{3-}$

(c) $O^{2-}$ (d) $Mg^{2+}$

44. आयनिक बंध बनने में कौनसा सहायक है

(a) केवल छोटा धनायन

(b) केवल छोटा ऋणायन

(c) छोटा धनायन तथा छोटा ऋणायन दोनों

(d) कम धनावेश, बड़ा धनायन तथा छोटा ऋणायन

45. निम्न में से किसकी आयनिक त्रिज्या सबसे अधिक है [AFMC 1999; BHU 2003]

(a) $Cs^{+}$ (b) $Li^{+}$

(c) $Na^{+}$ (d) $K^{+}$

46. गलत कथन बतलाइए :
आवर्त सारणी के किसी आवर्त में क्षैतिजतः बाईं से दाईं ओर जाने पर

(a) धात्विक गुण घटता है

(b) विद्युत ऋणात्मकता बढ़ती है

(c) ग्राम परमाणु-आयतन पहले घटता है तथा फिर बढ़ता है

(d) सामान्य तत्वों के लिये परमाणुओं का आकार बढ़ता है

47. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य है [MP PET 1997]

(a) $X^{-}$ आयन, आकार में $x$ परमाणु से बड़ा होता है

(b) $X^{+}$ आयन, आकार में $x$ परमाणु से बड़ा होता है

(c) $X^{+}$ आयन, आकार में $X^{-}$ आयन से बड़ा होता है

(d) $X^{+}$ और $X^{-}$ आयन, आकार में बराबर होते हैं

48. निम्नलिखित में से किस श्रेणी के तत्वों की परमाणु त्रिज्या लगभग एकसमान होगी [MP PET 1997]

(a) $Na, K, Rb, Cs$ (b) $Li, Be, B, C$

(c) $Fe, Co, Ni, Cu$ (d) $F, Cl, Br, I$

49. निम्न समइलेक्ट्रॉनिक श्रेणी $K^{+}, Ca^{2+}, Cl^{-}$ तथा $S^{2-}$ के आकार का घटता हुआ क्रम है [Roorkee 1995]

(a) $K^{+} > Ca^{2+} > S^{2-} > Cl^{-}$

(b) $K^{+} > Ca^{2+} > Cl^{-} > S^{2-}$

(c) $Ca^{2+} > K^{+} > Cl^{-} > S^{2-}$

(d) $S^{2-} > Cl^{-} > K^{+} > Ca^{2+}$

50. निम्नलिखित तत्वों के समूहों में से किस समूह की ऋणायन बनाने की प्रवृत्ति सबसे अधिक है [MP PET 1993]

(a) N, O, F (b) P, S, Cl

(c) As, Se, Br (d) Sb, Te, I

51. समइलेक्ट्रॉनिक प्रजातियों की त्रिज्या [MP PET 1994]

(a) नाभिकीय आवेश के बढ़ने के साथ बढ़ती है

(b) नाभिकीय आवेश के बढ़ने के साथ घटती है

(c) सभी के लिये समान होती है

(d) पहले बढ़ती है तथा फिर घटती है

52. निम्नलिखित युग्मों में से किसमें दो धातुओं की सहसंयोजक त्रिज्याओं का अंतर सर्वाधिक है [MP PET 1994]

(a) K, Ca (b) Mn, Fe

(c) Co, Ni (d) Cr, Mn

53. किसी तत्व के परमाणु का विन्यास 2, 8, 1 है। निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य है [MP PMT 1994]

(a) तत्व की संयोजकता 7 है

(b) तत्व द्विपरमाण्विक अणु के रूप में रहता है

(c) तत्व अधात्विक स्वभाव का है

(d) तत्व भास्मिक ऑक्साइड बनाता है

54. निम्न में से कौनसा आयन सबसे कम त्रिज्या रखता है [KCET 1992]

(a) $Be^{2+}$ (b) $Li^{+}$

(c) $O^{2-}$ (d) $F^{-}$

55. गलत कथन बताइये :

आवर्त सारणी के किसी दिये हुये आवर्त में $s-$ ब्लॉक तत्व के जिस गुणधर्म का सामान्यतः निम्नतम मूल्य होता है, वह है [MP PMT 1997]

(a) आयनन ऊर्जा (b) विद्युत ऋणात्मकता

(c) परमाणु त्रिज्या (d) इलेक्ट्रॉन बंधुता

56. निम्नलिखित तत्वों को उनकी बढ़ती परमाणु त्रिज्या के अनुसार व्यवस्थित कीजिये : $Na, K, Mg, Rb$ [AFMC 1995, 97; CPMT 1999]

(a) $Mg < K < Na < Rb$ (b) $Mg < Na < K < Rb$

(c) $Mg < Na < Rb < K$ (d) $Na < K < Rb < Mg$

57. समइलेक्ट्रॉनिक आयनों, $N^{3-}$, $O^{2-}$ तथा $F^{-}$ की त्रिज्यायें (Å) क्रमशः होंगी [Pb. CET 1989]

(a) 1.36, 1.40, 1.71 (b) 1.36, 1.71, 1.40

(c) 1.71, 1.40, 1.36 (d) 1.71, 1.36, 1.40

58. $Al^{3+}$ की आयनिक त्रिज्या $Mg^{2+}$ से कम है क्योंकि [EAMCET 1992]

(a) $Mg$ परमाणु में $Al$ परमाणु की तुलना में कम न्यूट्रॉन हैं

(b) $Al^{3+}$ का नाभिकीय आवेश $Mg^{2+}$ से उच्च होता है

(c) इनकी विद्युत ऋणात्मकता भिन्न-भिन्न होती है

(d) $Al$ का आयनन विभव $Mg$ परमाणु से निम्न होता है

59. जब एक उदासीन परमाणु धनायन में परिवर्तित होता है तो होती है [EAMCET 1986]

(a) परमाणु क्रमांक में कमी (b) परमाणु क्रमांक में वृद्धि

(c) आकार में कमी (d) आकार में वृद्धि

60. आवर्त सारणी के I एवं VII समूह में तत्वों के परमाणु क्रमांक बढ़ने के साथ-साथ जो उनकी समान प्रवृत्ति दिखाई देती है, वह है [NCERT 1981; EAMCET 1980]

(a) ऑक्सीकारक शक्ति बढ़ती है

(b) परमाणु त्रिज्या बढ़ती है

(c) अधिकतम संयोजकता बढ़ती है

(d) जल के साथ क्रियाशीलता बढ़ती है

61. परमाणु त्रिज्या का बढ़ता हुआ क्रम है [RPET 2003]

(a) $Mg^{2+} < Na^{+} < Ne < F^{-} < O^{2-}$

(b) $Na^{+} < Mg^{++} < Ne < F^{-} < O^{2-}$

(c) $O^{2-} < F^{-} < Ne < Na^{+} < Mg^{2+}$

(d) $Ne < O^{2-} < F^{-} < Na^{+} < Mg^{2+}$

62. क्लोराइड आयन और पोटेशियम आयन समइलेक्ट्रॉनिक हैं, तब [KCET 2002]

(a) पोटेशियम आयन अपेक्षाकृत बड़ा है

(b) दूसरे धनायन व ऋणायन पर निर्भर करता है

(c) इनके आकार समान हैं

(d) क्लोराइड आयन, पोटेशियम आयन से बड़ा है

63. निम्न में से किसकी आयनिक त्रिज्या सबसे अधिक है [Pb. PMT 2002; BHU 2003]

(a) $Na^{+}$ (b) $Ni^{+}$

(c) $Cs^{+}$ (d) $Mg^{2+}$

64. $Li^{+}, Na^{+}, K^{+}$ की आयनिक त्रिज्याओं का निम्न में से सही क्रम है [MP PMT 2002]

(a) $K^{+} > Na^{+} > Li^{+}$ (b) $K^{+} > Na^{+} < Li^{+}$

(c) $K^{+} < Na^{+} < Li^{+}$ (d) $Li^{+} > Na^{+} < K^{+}$

65. निम्न में से किसका आकार सबसे छोटा है [JIPMER (Med.) 2002]

(a) $Mg^{2+}$ (b) $Na^{+}$

(c) $Al^{3+}$ (d) $Si^{4+}$

66. निम्न में से किसका अनुमानित आकार सबसे अधिक है [UPSEAT 2004]

(a) $F^{-}$ (b) $O^{2-}$

(c) $Al^{3+}$ (d) $N^{3-}$

67. लैन्थेनाइड श्रेणी में सबसे बड़े आकार वाला त्रिसंयोजी आयन है [Pb.PMT 2004]

(a) $Ti$ (b) $Zr$

(c) $Hf$ (d) $La$

68. निम्न में से किस क्षारीय धातु आयन की जलीय विलयन में आयनिक गति सबसे कम होती है [DPMT 2004]

(a) $Rb^{+}$ (b) $Cs^{+}$

(c) $Li^{+}$ (d) $Na^{+}$

69. आयनिक त्रिज्या है [CBSE PMT 2003, 04]

(a) प्रभावी नाभिकीय आवेश के समानुपाती

(b) प्रभावी नाभिकीय आवेश के वर्ग के समानुपाती

(c) प्रभावी नाभिकीय आवेश के व्युत्क्रमानुपाती

(d) प्रभावी नाभिकीय आवेश के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती

70. बढ़ते हुए सहसंयोजी गुण का सही क्रम है [CBSE PMT 2005]

(a) $LiCl < NaCl < BeCl_2$ (b) $BeCl_2 < NaCl < LiCl$

(c) $NaCl < LiCl < BeCl$ (d) $BeCl_2 < LiCl < NaCl$

71. ऊर्जा मानों का सही क्रम है [Orissa JEE 2004]

(a) $ns\ np\ nd(n-1)f$ (b) $ns\ np(n-1)d\ (n-2)f$

(c) $ns\ np(n-1)d\ (n-1)f$ (d) $ns(n-1)d\ n(n-1)f$

72. दी गई सांद्रता में निम्न धनायनों की आयनिक चालकताओं का क्रम है [Orissa JEE 2004]

(a) $Li^{+} < Na^{+} > K^{+} < Rb^{+}$

(b) $Li^{+} > Na^{+} > K^{+} > Rb^{+}$

(c) $Li^{+} < Na^{+} > K^{+} > Rb^{+}$

(d) $Li^{+} = Na^{+} < K^{+} < Rb^{+}$

## आयनन ऊर्जा

1. निम्न में से कौनसा कथन गलत है IIT-JEE 1997]

(a) $Al$ का प्रथम आयनन विभव $Mg$ के प्रथम आयनन विभव से कम होता है
(b) $Mg$ का द्वितीय आयनन विभव $Na$ के द्वितीय आयनन विभव से अधिक होता है
(c) $Na$ का प्रथम आयनन विभव, $Mg$ के प्रथम आयनन विभव से कम होता है
(d) $Mg$ का तृतीय आयनन विभव $Al$ के तृतीय आयनन विभव से अधिक होता है

2. एक तत्व $M$ की द्वितीय आयनन ऊर्जा वह ऊर्जा होती है जो आवश्यक होती है [JIPMER 1997]
(a) एक मोल गैसीय ऋण आयन से एक मोल इलेक्ट्रॉन को हटाने में
(b) किसी तत्व के एक मोल गैसीय केटायन (धन आयन) से एक मोल इलेक्ट्रॉन को हटाने में
(c) किसी तत्व के एक संयोजी गैसीय केटायन से एक मोल इलेक्ट्रॉन को हटाने में
(d) एक मोल गैसीय परमाणु से दो मोल इलेक्ट्रॉन को हटाने में

3. एक तत्व की आयनन ऊर्जा है
(a) उस तत्व की इलेक्ट्रॉन बन्धुता के समान
(b) उस तत्व की इलेक्ट्रॉन बन्धुता के बराबर लेकिन विपरीत चिन्ह के साथ
(c) उस ऊर्जा के बराबर जो किसी तत्व के परमाणु को इलेक्ट्रॉन देने पर मुक्त होती है
(d) उस ऊर्जा के बराबर जो किसी तत्व के परमाणु की बाह्यतम कोश में से एक इलेक्ट्रॉन निकालने के लिए आवश्यक होती है

4. क्षारीय मृदा धातुओं की प्रथम आयनीकरण ऊर्जाएँ क्षार धातुओं की प्रथम आयनीकरण ऊर्जाओं से अधिक होती हैं। इसका कारण है [MP PET 1996]
(a) क्षारीय मृदा धातुओं के नाभिकीय आवेश में वृद्धि होना
(b) क्षारीय मृदा धातुओं के नाभिकीय आवेश में कमी होना
(c) नाभिकीय आवेश में कोई परिवर्तन न होना
(d) इनमें से कोई नहीं

5. तत्वों के आवर्ती वर्गीकरण के संदर्भ में कौनसा कथन सही नहीं है [IIT-JEE 1992]
(a) तत्वों के गुण इनके परमाणु क्रमांक के आवर्ती फलन होते हैं
(b) धात्विक तत्वों की तुलना में अधात्विक तत्वों की संख्या कम है
(c) किसी आवर्त मे परमाणु क्रमांक बढ़ने के साथ-साथ तत्वों की प्रथम आयनन ऊर्जाओं में वृद्धि नियमित नहीं होती है
(d) संक्रमण तत्वों में $d$-उपकोश में इलेक्ट्रॉन, परमाणु क्रमांक बढ़ने के साथ-साथ एकसमान रूप से भरते हैं

6. सही कथन का चयन करो
(a) एक आवर्त में बायें से दाहिनी ओर चलने पर आयनन ऊर्जा तथा इलेक्ट्रॉन बन्धुता बढ़ती है
(b) किसी आवर्त में बायें से दाहिनी ओर चलने पर आयनन ऊर्जा तो बढ़ती है लेकिन इलेक्ट्रॉन बन्धुता घटती है
(c) किसी आवर्त में बायें से दाहिनी ओर चलने पर आयनन ऊर्जा घटती है लेकिन इलेक्ट्रॉन बन्धुता बढ़ती है
(d) एक आवर्त में बायें से दाहिनी ओर चलने पर दोनों का मान घटता है

7. हैलोजनों में परमाणु क्रमांक की वृद्धि के अनुसार कौनसी प्रवृत्ति पाई जाती है
(a) इलेक्ट्रॉन को खो देने की प्रवृत्ति घटती है
(b) आयनिक त्रिज्या घटती है
(c) आयनन विभव घटता है
(d) $MX_2$ में ($M =$ धातु एवं $X =$ हैलोजन), सह-संयोजकता का गुण घटता है

8. आयनन विभव का मान न्यूनतम है [CPMT 1989; MP PET 2001]
(a) हैलोजन्स का (b) अक्रिय गैसों का
(c) क्षारीय मृदा धातुओं का (d) क्षार धातुओं का

9. हाइड्रोजन को क्षार-धातुओं अथवा हैलोजन के साथ स्थान न देने के लिए, निम्न में से कौन-सा स्पष्टीकरण सबसे अच्छा है [NCERT 1978]
(a) हाइड्रोजन की आयनन ऊर्जा, क्षार-धातुओं के समूह से बहुत अधिक हैं, लेकिन हैलोजन समूह से बहुत कम है
(b) हाइड्रोजन, अन्य सभी तत्वों के साथ यौगिक बना सकती है
(c) हाइड्रोजन, क्षार-धातुओं अथवा हैलोजनों से बहुत हल्की है
(d) इनमें से कोई नहीं

10. नाइट्रोजन की आयनन ऊर्जा, ऑक्सीजन की आयनन ऊर्जा से अधिक है, क्योंकि [MP PET 1993]
(a) नाइट्रोजन में अर्ध-पूरित $p$-कक्षक हैं
(b) आवर्त सारणी में नाइट्रोजन एक ही आवर्त में ऑक्सीजन के बायीं ओर है
(c) नाइट्रोजन में इलेक्ट्रॉनों की संख्या कम है
(d) नाइट्रोजन कम विद्युत-ऋणात्मक है

11. किसी गैसीय परमाणु की मूल अवस्था से एक इलेक्ट्रॉन बाहर निकालने के लिए आवश्यक ऊर्जा को कहते हैं [CPMT 1989, 94]
(a) स्थितिज ऊर्जा (b) आयनन ऊर्जा
(c) इलेक्ट्रोड विभव (d) सक्रियण ऊर्जा

12. बोरॉन की प्रथम आयनन ऊर्जा बेरिलियम से कम है, क्योंकि
(a) बोरॉन पर उच्च नाभिकीय आवेश है
(b) बेरिलियम परमाणु से बोरॉन का परमाणु आकार बड़ा है
(c) बोरॉन की $p$-उपकक्षा में केवल एक इलेक्ट्रॉन है
(d) बोरॉन के परमाणु का आकार बेरिलियम परमाणु से छोटा है

13. $A \rightarrow A^+ + e, E_1$ एवं $A^+ \rightarrow A^{2+} + e, E_2$ दो इलेक्ट्रॉन निकालने के लिये ऊर्जायें क्रमशः $E_1$ तथा $E_2$ हैं, इन दोनों ऊर्जाओं में सही सम्बन्ध होगा
(a) $E_1 < E_2$ (b) $E_1 = E_2$
(c) $E_1 > E_2$ (d) $E_1 \neq E_2$

14. निम्न में से किसका प्रथम आयनन विभव सबसे अधिक है [AIIMS 2001]
(a) $V$ (b) $Ti$
(c) $Cr$ (d) $Mn$

15. निम्न में से किस इलेक्ट्रॉनिक विन्यास में इलेक्ट्रॉन को बाहर निकालने के लिये अधिकतम ऊर्जा का अवशोषण होगा [RPMT 2000]
(a) $1s^2 2s^2 2p^1$ (b) $1s^2 2s^2 2p^3$
(c) $1s^2 2s^2 2p^2$ (d) $1s^2 2s^2 2p^4$

16. निम्न में से किस प्रक्रिया में सर्वाधिक ऊर्जा अवशोषित होती है [RPET 2000]

(a) $Cu \rightarrow Cu^+$ (b) $Br \rightarrow Br^-$

(c) $I \rightarrow I^-$ (d) $Li \rightarrow Li^+$

17. $Na, Mg, Al$ एवं $Si$ तत्वों के प्रथम आयनन विभवों का क्रम है [IIT 1988; MP PMT 2000]

(a) $Na < Mg > Al < Si$ (b) $Na > Mg > Al > Si$

(c) $Na < Mg < Al > Si$ (d) $Na > Mg > Al < Si$

18. कार्बन की कितनी आयनन ऊर्जायें होती हैं

(a) 1 (b) 2

(c) 4 (d) 6

19. निम्न में से किस गैसीय परमाणु के आयनन ऊर्जा का मान अधिकतम होता है [JIPMER 1997; CPMT 1997; AIIMS 2000]

(a) $P$ (b) $Si$

(c) $Mg$ (d) $Al$

20. हाइड्रोजन की क्षारीय धातुओं से अधिक आयनन ऊर्जा का कारण है [AIIMS 1999]

(a) बड़ा आकार (b) छोटा आकार

(c) आयनिक बंध (d) सहसंयोजक बंध

21. $Be$ तथा $B$ का प्रथम आयनन विभव क्रमशः है [CBSE PMT 1998]

(a) $8.29eV$, $9.32eV$ (b) $9.32eV$, $9.32eV$

(c) $8.29eV$, $8.29eV$ (d) $9.32eV$, $8.29eV$

22. निम्न अभिक्रियाओं में किसमें आयनन विभव ऊर्जा की अधिकतम मात्रा को शामिल करना है [Pune CET 1998]

(a) $Na \rightarrow Na^+ + e^-$ (b) $K^+ \rightarrow K^{2+} + e^-$

(c) $C^{2+} \rightarrow C^{3+} + e^-$ (d) $Ca^+ \rightarrow Ca^{2+} + e^-$

23. निम्न में से किसका आयनन विभव सर्वाधिक है [MH CET 1999]

(a) $K$ (b) $Na$

(c) $Al$ (d) $Mg$

